हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 20 फरवरी 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

तापमान

अधिकतम 29 डिग्री

न्यूनतम 16 डिग्री

4 कोरिया महोत्सव में लोक संस्कृति की महक बिखरी



## खबर संक्षेप

### शिविर में 114 ड्राइविंग लाइसेंस बनाए गए

**अनूपपुर।** महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के उद्देश्य से संकल्प से समाधान अभियान तथा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत परिवहन विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से बालिकाओं और महिलाओं के लिए निःशुल्क पिंक ड्राइविंग लाइसेंस शिविर कलेक्ट्रेट स्थित सोन सभागार में आयोजित किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को वाहन चलाने के लिए प्रोत्साहित करना और उन्हें विधिवत ड्राइविंग लाइसेंस उपलब्ध कराना है।

### निगरानी समिति की बैठक 23 को

**अनूपपुर।** भारत शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक का आयोजन संसदीय क्षेत्र शहडोल की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह की अध्यक्षता में 23 फरवरी को अपरान्ह 3 बजे से कलेक्ट्रेट नर्मदा सभागार अनूपपुर में किया गया है। जानकारी देते हुए कलेक्टर हर्षल पंचोली ने बताया कि बैठक में एजेंडा बिंदु विभागों के भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

### रमजान का महीना शुरू इबादत में जुटे लोग

**बैकुण्ठपुर।** बुधवार को शाम ढलने के बाद चांद का दीदार होने के साथ ही गुरूवार से इस्लामी माह रमजान का आगाज हो गया। इस्लाम धर्म के सबसे पवित्र माह रमजान को नेकी का महीना भी माना गया है। इस महीने में रोजा रखा जाता है और इस माह में दान पुण्य का विशेष महत्व रहता है। जानकारी के अनुसार रमजान माह में मुस्लिम समाज के लोग प्रतिदिन रोजा रखेंगे। इस माह में बच्चे भी रोजा रखते हैं। रमजान माह में इबादत, रोजा रखने एवं अल्लाह के रहमतों का पवित्र महीना माना जाता है। इस दौरान मुस्लिम समुदाय के लोग सेहरी करके दिनभर रोजा रखते हैं और शाम को इफ्तार के समय रोजा खोलते हैं। रमजान माह में मुस्लिम समुदाय के लोग रोजा रखकर आत्मसंयम, ईमानदारी परोपकार करने के साथ अल्लाह का इबादत करने पर ज्यादा जोर देते हैं।

### बाल सुधार गृह से भागने वाले 8 बरामद

**अंबिकापुर।** बाल सुधार गृह प्लेस ऑफ सेफ्टी से फरार हुए 5 बालिग़ समेत 13 अपचारी बालकों में से अब तक आठ को बरामद कर लिया गया है। इनमें एक बालिग़ भी शामिल है जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्लेस ऑफ सेफ्टी के नाम से संचालित बाल सुधार गृह से 16 फरवरी की रात 5 बालिग समेत 13 अपचारी बालक सुरक्षाकर्मियों से मारपीट करने के बाद भाग निकले थे। इस मामले 17 फरवरी तक 5 अपचारी बालकों को बरामद कर लिया गया था जबकि गांधीनगर पुलिस ने तीन अन्य आरोपियों को बरामद किया है। इनमें से एक आरोपी बालिग है। पुलिस ने बाल सुधार गृह से भागने वाले आरोपी सुजल गौतम को दुर्ग से गिरफ्तार किया है। आरोपी सुजल गौतम पूर्व में भी सुधार गृह से भाग चुका है। इस बार पुलिस ने आरोपी सुजल गौतम को गिरफ्तार कर केन्द्रीय जेल भेज दिया है जबकि शेष की तलाश जारी है।

### विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम का गठन

**अम्बिकापुर।** विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित निवारण के लिए अम्बिकापुर समेत कुल 10 नए विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम का गठन किया गया है। फोरम के अध्यक्ष पद पर दिलीप कुमार सैनी एवं सदस्य पद पर मेरी लिली तिर्की को पदस्थ किया गया है। फोरम का वर्तमान में कार्यालय सीएसपीडीसीएल प्रशासनिक भवन, बिशुनपुर में संचालित हो रहा है। नए विद्युत उपभोक्ता निवारण फोरम के गठन से लोगों को विद्युत संबंधी समस्याओं के समाधान में सुविधा होगी।

### 5 हजार से ज्यादा विद्यार्थी होंगे शामिल, कोरिया में 25 केन्द्र

# आज से शुरु होंगी बोर्ड की परीक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छग माशिमं रायपुर द्वारा 12 वीं बोर्ड की परीक्षा 20 फरवरी को जिलेभर में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी, जबकि 10 बोर्ड की परीक्षा 21 फरवरी को आयोजित होगी। जिले में बोर्ड परीक्षा को लेकर शिक्षा विभाग द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस बार बोर्ड की परीक्षाएं फरवरी के तीसरे सप्ताह से ही शुरू हो रही है, जबकि इसके पूर्व के वर्षों में उक्त बोर्ड की परीक्षा मार्च महीने के शुरूआत के साथ ही शुरू होती थी।

- शिक्षा विभाग की तैयारी पूर्ण

बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्री बोर्ड की परीक्षा भी संपन्न कराई गई है। कोरिया कलेक्टर के मार्गदर्शन में बीते वर्ष कोरिया जिले में बोर्ड परीक्षा के नतीजे बेहतर रहा और इस वर्ष भी कोरिया जिले को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए मिशन के तहत बोर्ड के विद्यार्थियों की तैयारियां कराई गई है। 20 फरवरी से शुरू होने वाले बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न करने की व्यापक तैयारी है साथ ही बोर्ड परीक्षा में नकल रोकने के लिए उड़नदस्ता दलों का भी गठन किया गया है।



#### इस बार 5 हजार से अधिक विद्यार्थी होंगे शामिल

चालू शिक्षा सत्र में 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड में कुल 5 हजार से अधिक विद्यार्थी परीक्षा के लिए पंजीकृत है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार चालू शिक्षा सत्र में 10 वीं बोर्ड में कुल 2682 तथा 12 वीं बोर्ड में कुल 2937 विद्यार्थी पंजीकृत है। इस तरह कोरिया जिले में दोनों बोर्ड परीक्षाओं में कुल 5619 विद्यार्थी पंजीकृत है।

#### दो दर्जन से अधिक परीक्षा केन्द्र

कोरिया जिले में बोर्ड परीक्षा के लिए इस बार 25 केन्द्र बनाए गए हैं। सभी परीक्षा केन्द्रों में आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश विभाग के अधिकारी द्वारा दिए गए हैं। कोरिया जिले में सोनहत जनपद क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि बोर्डके परीक्षार्थियों को कई किमी दूरी तय कर परीक्षा केन्द्र तक पहुंचते हैं, इससे विद्यार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

#### विषय शिक्षक नहीं करेंगे ड्यूटी

जानकारी के अनुसार बोर्ड परीक्षा में जिस दिन जिस विषय का पेपर निर्धारित है, उस दिन संबंधित विषय शिक्षकों की ड्यूटी परीक्षा केन्द्र में नहीं लगाई जाने के निर्देश उच्च कार्यालय द्वारा दिए गए हैं और न ही उस दिन संबंधित विषय शिक्षक की ड्यूटी उड़नदस्ता दल में भी नहीं लगाई जाएगी।

### 12 वीं की बोर्ड परीक्षा आज से प्रारंभ

**सोनहत।** विकासखंड स्तर पर 12 वीं बोर्ड की परीक्षाएं 20 फरवरी से प्रारंभ होगीं। शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार खंड के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में परीक्षार्थी शामिल होंगे। इस वर्ष परीक्षा के लिए हायर सेकेंडरी विद्यालय सोनहत, रामगढ़, कटगोड़ी तथा लोयोला स्कूल भैंसवार को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। इन केन्द्रों में पंजीकृत छात्र-छात्राएं निर्धारित समय पर परीक्षा देंगे। परीक्षा को सुचारू एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए विभाग स्तर पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। केन्द्रों में कक्ष व्यवस्था, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की तैयारी सुनिश्चित की गई है। विभागीय अधिकारियों ने परीक्षार्थियों से समय पर केन्द्र पहुंचने और निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

# ओवरऑल चैंपियन बना बैकुंठपुर क्षेत्र




हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

एसईसीएल के गेवरा क्षेत्र में 16-17 फरवरी को आयोजित दो दिवसीय अंतरक्षेत्रीय प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता 2025-26 में बैकुंठपुर क्षेत्र की टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया।

प्रतियोगिता में एसईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों के साथ-साथ निजी कंपनियों की टीमों ने भी भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी प्राथमिक उपचार प्रदान करने की दक्षता को सुदृढ़ करना रहा। प्रतिभागियों ने स्ट्रेचर ड्रिल, टर्न आउट, मार्चपास्ट ड्रिल तथा सैद्धांतिक और प्रयोगात्मक मूल्यांकन के माध्यम से अपनी कुशलता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिरंची दास निदेशक मानव संसाधन मुख्यालय बिलासपुर रहे, जबकि अध्यक्षता क्षेत्रीय महाप्रबंधक अरूण कुमार त्यागी ने की। प्रतियोगिता में बैकुंठपुर क्षेत्र की टीम ए ने ओवरऑल विनर का खिताब जीता। टीम के कप्तान निलेश अवधिया तथा सदस्य मयंक पटेल, नितेश शाह, शंभू कहार और संदीप उरांव रहे। वहीं स्ट्रेचर ड्रिल में

- एसईसीएल अंतरक्षेत्रीय प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता

बैकुंठपुर क्षेत्र की टीम बी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। टीम बी के कप्तान कुमार अमिया आनंद तथा सदस्य प्रवीण खलखो, वसीम फिरोज, सिमोन टोप्पो और चंद्रशेखर महतो ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। बैकुंठपुर क्षेत्र की महिला टीम ने भी शानदार प्रदर्शन कर सबका ध्यानाकर्षित किया। टीम की कप्तान प्रिया खाखा एवं सदस्य अंजनी कुमारी, किरण मिंज, कविता किस्पोट्टा और पूजा की सक्रिय भागीदारी आयोजन का विशेष आकर्षण रही। इस सफलता के पीछे टीम मैनेजर डॉ. अनुराग सिंह यादव एवं टीम कोच योगेन्द्र मिश्रा का विशेष योगदान रहा। उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बैकुंठपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक बीएन झा ने महाप्रबंधक कार्यालय में महिला प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया तथा सभी टीम सदस्यों को बधाई दी। इस अवसर पर क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी वीएस परिहार, रीजनल हॉस्पिटल की सीएमओ डॉ. एस मिंज, स्टाफ ऑफिसर ई एंड एमबीबी दास, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक गौरव दुबे, विकास शंकर ओझा, सुशील कुमार सिंह, अतुल गुप्ता, राजेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। महाप्रबंधक श्री झा ने कहा कि प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता केवल एक स्पर्धा नहीं, बल्कि आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन रक्षा की प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण है। बैकुंठपुर क्षेत्र की टीमों ने अनुशासन, समर्पण और दक्षता का परिचय देते हुए पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है।

# 70 करोड़ की लागत से 104 कार्यों का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने दो दिवसीय कोरिया जिला प्रवास के दौरान जिलेवासियों को विकास की ऐतिहासिक सौगात प्रदान की।

उन्होंने 70 करोड़ रूपए से अधिक की लागत वाले करीब 104 निर्माण कार्यों का लोकार्पण तथा 85 करोड़ 54 लाख से अधिक के 40 कार्यों का भूमिपूजन-शिलान्यास कर जिले के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सशक्त कदम बढ़ाया। उन्होंने करीब 156 करोड़ रूपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने आदिवासी उपयोजना के अंतर्गत सोनहत जलाशय, रजौली बांध और तामडाड़ जलाशय सहित कई जल संरचनाओं के



जीर्णोद्धार एवं सुधार कार्यों का उद्घाटन किया। सोनहत जलाशय में स्लूस और सीसी चौनल निर्माण पर 344.62 लाख रूपए, रजौली बांध में 291.52 लाख रूपए और तामडाड़ जलाशय योजना में मिट्टी एवं लाइनिंग कार्य पर 298.92 लाख रूपए व्यय किए गए हैं, इसके साथ ही सारा, हथवर, बड़ेसाल्ही, सांवला और मुड़ीझरिया जलाशयों के मरम्मत कार्य भी पूर्ण किए गए, जिससे सिंचाई क्षमता में विस्तार होगा और हजारों किसानों को सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी। जिले में महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कार्य संपन्न हुए। उन्होंने सरभोका, सावरावां, उमझर, सरडी और घुघरा में निर्मित महतारी सदनों का लोकार्पण किया, जिनमें से प्रत्येक की लागत 24.70 लाख रूपए हैं। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग और मनरेगा के अभिसरण से संपन्न हुए 15 नए आंगनबाड़ी भवनों, ग्राम ओड़गी के झुमका पर्यटन स्थल पर 26.67 लाख रूपए की लागत से ओपन थिएटर, रामगढ़ में मिनी स्टेडियम (38.57 लाख रूपए) और पिपरा में हाई मास्क लाइट की स्थापना का भी लोकार्पण किया गया। मुख्यमंत्री ने जल जीवन मिशन के तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा रिकॉर्ड 54 सोलर आधारित और एकल ग्राम जल प्रदाय योजनाओं का लोकार्पण किया। आनंदपुर (118.78 लाख), डकईपारा (99.1 लाख) और खैरी ⏩ शेष पेज 4 पर

# श्मशान घाट मुरमीकरण कार्य में गड़बड़ी के आरोप

**सोनहत।** विकासखंड सोनहत अंतर्गत ग्राम पंचायत घुघरा में विधायक मद से स्वीकृत श्मशान घाट मुरमीकरण कार्य में अनियमितता के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए जांच की मांग की है।

ग्रामीणों के अनुसार विधायक मद से 5 लाख 25 हजार रूपए की स्वीकृत राशि से श्मशान घाट तक मुरूम बिछाने का कार्य किया जाना था। आरोप है कि निर्धारित मानक के अनुरूप मुरूम नहीं बिछाई गई, बल्कि समीप के खेत की मिट्टी डालकर केवल 2 से 3 इंच की परत बिछा दी गई। ऊपर से थोड़ी मात्रा में मुरूम डालकर कार्य पूरा दिखा दिया गया। इससे सड़क की मजबूती पर प्रश्नचिन्ह खड़े हो गए हैं। सूचना बोर्ड को लेकर भी ग्रामीणों ने आपत्ति जताई है। बताया जा रहा है कि इस कार्य के लिए अलग से सूचना बोर्ड नहीं लगाया गया, बल्कि किसी अन्य निर्माण कार्य के सूचना बोर्ड के पीछे इस मुरमीकरण कार्य की जानकारी अंकित कर दी गई। ग्रामीणों का कहना है कि एक ही बोर्ड का उपयोग दो कार्यों के



लिए कर राशि बचाने का प्रयास किया गया। मामले में आरईएस की एसडीओ नंदनी दुबे ने बताया कि उन्हें शिकायत की जानकारी मिली है। निरीक्षण के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी तथा आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# निजी फाइनेंस कंपनी के कार्यालय में चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

सिटी कोतवाली अंतर्गत मुख्य मार्ग किनारे संचालित एक निजी फाईनेंस कार्यालय में बीते रात्रि चोरी की घटना घटित हुई।

- जांच में जुटी सिटी कोतवाली पुलिस

मिली जानकारी के अनुसार 18 फरवरी की रात्रि सिटी कोतवाली बैकुंठपुर अंतर्गत छिन्दडॉड़ मुख्य मार्ग किनारे संचालित श्रीराम फाईनेंस कार्यालय के शटर का ताला तोड़कर अज्ञात के द्वारा नगद राशि चोरी कर भागने में सफल रहे। जानकारी के अनुसार चोरी गई नगद धनराशि कलेक्शन का बताया जा



रहा है। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व इसी क्षेत्र में एक शिक्षक के सूने घर में अज्ञात के द्वारा घर का ताला तोड़कर लाखों रूपए की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। वहीं कुछ माह पूर्व शहर के मुख्य मार्ग किनारे संचालित टीव्हीएस शो रूम में भी चोरी की घटना हुई थी, इन दोनों मामलों के आरोपियों का अब तक पता नहीं चल पाया, अब एक और ताजा मामला मुख्य मार्ग किनारे चोरी की घटना की है, जो पुलिस के लिए आरोपियों तक पहुंचना चुनौती बन गई।

### अश्लील गाने पर नृत्य प्रभारी प्राचार्य निलंबित

**अम्बिकापुर।** गणतंत्र दिवस पर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय रामचंद्रपुर के विद्यार्थियों द्वारा अश्लील भोजपुरी गीत पर नृत्य का वीडियों सामने आने पर संभागायुक्त ने विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य बसंत गुप्ता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में प्रभारी प्राचार्य को संयुक्त संचालक शिक्षा कार्यालय में संलग्न किया गया है। गणतंत्र दिवस पर पीएम श्री सेजेस अंग्रेजी माध्यम विद्यालय रामचंद्रपुर में भोजपुरी का अश्लील गाना बजाया गया था जिस पर स्कूल के बच्चों ने जमकर नृत्य किया था। सोशल मीडिया पर बच्चों का वीडियों वायरल होने पर बलरामपुर कलेक्टर ने मामले में संज्ञान लेते हुए संभागायुक्त को रिपोर्ट भेज कार्रवाई की अनुशंसा की थी। इस मामले में प्रभारी प्राचार्य को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

### सूखे पेड़ को काटा गया...




**बैकुण्ठपुर।** नगर पालिका की टीम ने शहर के भट्ठीपारा मुख्य सड़क मार्ग पर सुरक्षित आवागमन को ध्यान में रखकर सूखे पेड़ को काटकर सड़क पर सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित की।

### रोजाना जाम से प्रभावित होते हैं राहगीर, समस्या का नहीं निकल रहा समाधान

# अतिक्रमण के कारण शहर की ट्रैफिक प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

शहर के प्रमुख चौक-चौराहों और व्यस्त सड़कों पर बढ़ते अतिक्रमण ने आमजन का जीवन दूभर कर दिया है। भगत सिंह तिराहा से लेकर जैन मंदिर चौक, फुहारा चौक, विवेकानंद चौक, गांधी चौक तथा झगराखाण्ड रोड तक अवैध ठेले, अस्थायी दुकानें, पक्के-अपक्के निर्माण और सड़कों पर फैला सामान यातायात में बाधा बन रहा है।

पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ लगभग गायब हो चुके हैं, वहीं दुपहिया और चार पहिया वाहनों को जाम से जूझना पड़ रहा है। सुबह-शाम के समय स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। स्कूल-कॉलेज जाने वाले छात्र, कार्यालय जाने वाले कर्मचारी और बाजार आने-जाने वाले नागरिक कई बार जाम में



फंस जाते हैं। कई जगहों पर सड़क का आधा हिस्सा अतिक्रमण की भेंट चढ़ चुका है, जिससे आमने-सामने से आने वाले वाहनों के बीच टकराव की आशंका बनी रहती है। एम्बुलेंस और दमकल जैसे आपातकालीन वाहनों के लिए रास्ता निकालना चुनौती बन गया है। स्थानीय व्यापारियों और रहवासियों का कहना है कि अतिक्रमण के कारण न केवल यातायात प्रभावित हो रहा है, बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। जैन मंदिर चौक और फुहारा चौक जैसे भीड़भाड़ वाले इलाकों में अव्यवस्थित ठेलों और दुकानों से पैदल यात्रियों को सड़क पर उतरकर चलना पड़ता है। विवेकानंद चौक और गांधी चौक पर बेतरतीब पार्किंग और अस्थायी निर्माणों ने हालात और बिगाड़ दिए हैं। झगराखाण्ड रोड पर स्थिति अलग नहीं है। यहां सड़क किनारे फैले अतिक्रमण से भारी वाहनों का आवागमन बाधित होता है, जिससे आसपास के मोहल्लों में धूल-धक्कड़ और शोर बढ़ गया है।

रहवासियों का आरोप है कि कई बार शिकायतों के बावजूद स्थायी समाधान नहीं हो पाया। कभी-कभार अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया जाता है, लेकिन कुछ ही दिनों में स्थिति फिर जस की तस हो जाती है। नागरिकों का कहना है कि जिला प्रशासन इस गंभीर समस्या से बेखबर या उदासीन नजर आ रहा है। नियमित निगरानी ⏩ शेष पेज 4 पर

# पनिका समाज का सम्मेलन प्रेमाबाग में



**बैकुण्ठपुर।** पनिका समाज का जिला स्तरीय सम्मेलन बैकुंठपुर प्रेमाबाग में संपन्न हुआ।

सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मप्रकाश परेवा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में रमेश पंत के उपस्थिति में संपन्न हुआ। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य पनिका समाज को आदिवासी का आरक्षण जो समाप्त किया गया है उसे पुनः बहाल कराए जाने पर सामूहिक रूप से विचार विमर्श किया गया। पनिका साकत समाज को संपूर्ण छग में संगठित करने पर विचार-विमर्श किया गया तथा पनिका साकत समाज छग के पंजीयन क्रमांक 6428 के तहत संपूर्ण छग में ग्राम ईकाई से लेकर प्रदेश स्तर तक समिति का चयन करने पर ⏩ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### बोर्ड परीक्षाः जिले में 72 परीक्षा केंद्र, 18 हजार से अधिक परीक्षार्थी होंगे शामिल

सूरजपुर। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं को लेकर जिले में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस वर्ष जिले में कुल 72 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। कक्षा 10वीं की परीक्षा में 10 हजर 53 परीक्षार्थी शामिल होंगे, जबकि कक्षा 12वीं की परीक्षा में 8 हजार 45 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा के सुचारू एवं सफल संचालन के लिए जिला स्तर पर उड़नदस्ता दल का गठन कर लिया गया है। इसके अलावा परीक्षा से पूर्व सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को परीक्षा केंद्रों का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करने हेतु पत्र जारी किया गया है। जिला प्रशासन ने परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### लुंड्रा विधायक ने विभिन्न निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन



लखनपुर। लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज ने ग्राम सलका करमीटिकरा में विभिन्न निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। करमीटिकरा में 34 लाख की लागत से विभिन्न निर्माण कार्य होगे। इसके अलावा विधायक प्रबोध मिंज ने ग्राम पंचायत मुकुंदपुर में रामचरित मानस गायन वादन प्रतियोगिता का समापन कार्यक्रम में शामिल हुए। साथ ही पलगड़ी में सड़क निर्माण का निरीक्षण। विधायक ने इरगवा में जनसंपर्क, बेलदगी ग्राम पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता फ़ाइनल मैच में शामिल हुए, चांदो में 8.50 लाख रुपए शेड निर्माण एवं सीसी सड़क निर्माण का भूमिपूजन किया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष शशिकला विक्रम सिंह, मंडल अध्यक्ष रवि महंत, भाजपा जिला उपाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव, राकेश साहू, विक्रम सिंह, कन्हैया सोनी, प्रवीण यादव, तिलेश्वर सिंह, रोहित राजवाड़े, शिवकुमार, राजेंद्र प्रसाद, भज्जू सिंह, संजय गुप्ता, गोपाल सिंह, धनीराम, कपिल राजवाड़े, विफल लकड़ा, प्रहलाद सिंह, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### शहर को स्वच्छ रखने में समूह की महिलाओं की अहम भूमिका



अम्बिकापुर। छत्तीसगढ़ काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के सहयोग से शासकीय राजमोहिनी देवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा सेमिनार का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ.एजेन टोप्पो के उद्बोधन उपरांत श्रीमती जीरन ज्योति गुप्ता ने विज्ञान दिवस पर प्रकाश डाला। डॉ.सुषमा भगत ने बचपन में वंडर्स ऑफ साइंस पढ़ने की बात कही। डॉ.अलका जैन ने कहा कि सुबह उठने से लेकर रात के सोने तक विज्ञान के बिना हमारे जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। विज्ञान का उपयोग मानवता की सेवा में होना चाहिए और उसे व्यवहार में अपनाना चाहिए। विज्ञान हमें सोचने, समझने और समस्याओं के समाधान करने की दिशा देता है। मुख्य वक्ता डॉ.प्रशांत शर्मा ने अंबिकापुर में कचरे के प्रबंधन के एसएलआरएम मॉडल की विस्तृत चर्चा की तथा ई-बॉल और यू बॉल पेंटेंट के बारे में बताया। ई बॉल जो तालाबों की सफाई करता है। यह विज्ञान का चमत्कार ही है। महिला समूह द्वारा बनाई गई ई-बॉल से 50 पैसे प्रति बॉल महिलाओं को मिलता है। इसे दो रूपये कीमत पर बेचा जाता है उन्होंने ऑर्गेनिक गार्बेज की चर्चा की तथा कहा कि यह स्वच्छता का पहला कदम है। अंबिकापुर में अब कचरे की डंपिंग नहीं होती। ई बॉल द्वारा धार्मिक कार्य मुफ्त में किये जाते हैं। ई बॉल कार्यक्रम की बदौलत कई लोग लाभान्वित हो रहे है। डॉ.शर्मा ने कहा कि कचरा संग्रहण करने वालों को सम्मान दिया जाना चाहिए। गर्मी में उन्हें ठंडा पानी एवं सर्दियों में गर्म कपड़े प्रदान किया जाए। उन्हें जन्मदिन, विवाह आदि में बुलाइए। मन बड़ा रखे, उन्हें मानसिक सहयोग दें। हमारे शहर को साफ-सुथरा रखने में उनकी अहम भूमिका है। उन्होंने यू बॉल के पेटेंट की चर्चा की तथा कहा कि यह बाथरूम की बदबू दूर करेगी।

## 203 उपार्जन केन्द्रों में खरीदा गया आधा धान जाम

# खरीदी के बाद अब धान का उठाव बड़ी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

धान खरीदी पूरी होने के बाद अब उपार्जन केंद्रों में संग्रहित धान का उठाव करना बड़ी चुनौती बन गई है। शासन की सख्ती के बाद विपणन संघ ने खरीदे गए 80 फीसदी धान का उठाव करने राइस मिलरों को डीओ जारी कर दिया है लेकिन मिलर धान उठाव में रूचि नहीं ले रहे हैं। इधर संग्रहित धान के त्वरित उठाव के लिए को-ऑपरेटिव बैंक प्रबंधन लगातार विपणन संघ को पत्र लिख रहा है।

**खास बात**

- सूखत की मात्रा बढ़ने से समिति प्रबंधक परेशान

इस बार प्रारंभ से ही उपार्जन केन्द्रों में संग्रहित धान का उठाव अत्यंत धीमी गति से चल रहा है। धान खरीदी बंद हुए एक पखवाड़े का समय गुजर गया है लेकिन अभी भी समितियों में धान का अंबार लगा है। हालत यह है कि एकीकृत सरगुजा के विभिन्न पांच जिलों में संचालित 203 उपार्जन केन्द्रों में से अभी तक एक भी केन्द्र के संपूर्ण धान का उठाव नहीं हो सका है तथा 2 दर्जन से अधिक उपार्जन केंद्रों में निर्धारित क्षमता से दोगुना से भी अधिक धान खुले आसमान के नीचे पड़ा है। समिति प्रबंधकों का कहना है कि खुले आसमान के नीचे पड़े धान में लगातार सूखत की मात्रा बढ़ रही है तथा चूहे एवं आवारा मवेशी लगातार धान को नुकसान पहुंचा रहे हैं। समय पर उठाव नहीं होने के कारण खरीदे गए धान का वजन लगातार कम हो रहा है। उठाव में जितना अधिक विलम्ब होगा समितियों को उतना ही अधिक नुकसान उठाना पड़ेगा। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अधिकारियों के अनुसार अब तक सरगुजा में 61.87 फीसदी, बलरामपुर में 45.33 फीसदी एवं सूरजपुर में 42.64 फीसदी एकीकृत सरगुजा के सभी पांच जिलों में कुल 51.29 फीसदी धान का ही उठाव हो सका है। धान उठाव में हो रहे विलंब से समिति प्रबंधक काफी परेशान हैं। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक प्रबंधन भी स्थिति को देखते हुए हर रोज विपणन संघ को धान उठाव में तेजी लाने पत्र लिख रहा है।



उपार्जन केन्द्र में जाम धान।

### राइस मिलर नहीं ले रहे रूचि

शासन ने विपणन संघ के अधिकारियों को 28 फरवरी तक उपार्जन केंद्रों में संग्रहित संपूर्ण धान का उठाव कराने निर्देशित किया है। निर्देश पर विपणन संघ ने खरीदे गए 80 फीसदी धान का उठाव करने राइस मिलरों को डीओ जारी कर दिया है। डीओ लेने के बाद रासइ मिलर उठाव में रूचि नहीं ले रहे है। कई मिलरों के पास पूर्व में उठाए गए धान का स्टॉक बचा है। समितियों से नए धान का उठाव करने पर भण्डारण एवं सुरक्षा की समस्या को लेकर अधिकांश मिलर उठाव में रूचि नहीं ले रहे है। संग्रहित धान में आई सूखत भी उठाव में बड़ी बाधा साबित हो रही है। राइस मिलर बोरियों के आधार पर नहीं बल्कि वजन के आधार पर धान का उठाव करने की बात पर अड़े हैं तथा समिति प्रबंधकों से वजन में आई कमी की पूर्ति करने के बाद ही उठाव करने की बात कह रहे हैं। समिति प्रबंधक बोरियों के वजन में आई कमी को सूखत बता रहे हैं। दोनों पक्षों की बातें सही है तथा इसका कोई हल निकलता नहीं दिख रहा है।

#### संग्रहण केंद्र का उपयोग नहीं

शासन ने इस बार संग्रहण केंद्र नहीं खोलने एवं संपूर्ण धान का उठाव राइस मिलरों के माध्यम से कराने का निर्णय लिया है। शासन के निर्देश पर विपणन संघ हर साल विभिन्न स्थानों पर किराए की खुली जमीन लेकर खुले आसमान के नीचे धान संग्रहण केंद्र बनाता था तथा उपार्जन केंद्रों में संग्रहित धान का उठाव कर संग्रहण केंद्रों में भण्डारित करता था। बाद में संग्रहण केंद्र में संग्रहित धान का उठाव मिलरों के माध्यम से कराया जाता था। इस बार खरीदे गए संपूर्ण धान का उठाव मिलरों से कराने के निर्देश जारी किए गए है।

#### लगातार किया जा रहा पत्राचार

उठाव की धीमी रफ्तार के कारण धान की सुरक्षा में समिति प्रबंधकों को समस्या हो रही है। सूखत बढ़ने से समितियों को होने वाली क्षति को देखते हुए धान उठाव के लिए विपणन संघ को लगातार पत्र लिखा जा रहा है।

-बीकेपी सिंह
विपणन अधिकारी, को-ऑपरेटिव बैंक

### ओड़गी जनपद में सचिव-सरपंच को दिया गया प्रशिक्षण

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशानुसार डिप्टी कलेक्टर रमेश मोर द्वारा जनपद पंचायत ओड़गी के सभा कक्ष में तहसीलदार एवं सीईओ जनपद की उपस्थिति में ग्राम पंचायत सचिवों एवं सरपंचों को फौती नामांतरण, अविवादित बंटवारा तथा जन्म-मृत्यु पंजीयन संबंधी प्रक्रियाओं का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में राजस्व प्रकरणों के समयबद्ध एवं त्रुटिरहित निराकरण पर विशेष जोर दिया गया। इसके पश्चात उन्होंने कुदरगढ़ क्षेत्र में संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



# स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिल में हो रही बढ़ोत्तरी से उपभोक्ता परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- किसान मोर्चा सदस्य ने सहायक अभियंता को सौंपा ज्ञापन

शहर और ग्रामीण अंचल में इन दिनों बिजली बिलों में हो रही बेतहाशा वृद्धि से उपभोक्ता परेशान हैं।आरोप है कि स्मार्ट विद्युत मीटर लगने के बाद से बिलों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हो रही है। इसी मुद्दे को लेकर भाजपा किसान मोर्चा के जिला सदस्य एवं निवर्तमान जिला महामंत्री दुर्गा गुप्ता ने सहायक अभियंता विद्युत बिश्रामपुर को ज्ञापन सौंपकर जांच और त्वरित निराकरण की मांग की है।

सहायक अभियंता को सौंपे ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि जब से विद्युत विभाग द्वारा स्मार्ट विद्युत मीटर लगाया गया है, तब से विद्युत बिल में अत्याधिक अनियमितता देखी जा रही है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जो विद्युत बिल पहले 2 सौ से 6 सौ के मध्य आता था, वही विद्युत बिल अब ढाई हज़ार से 3 हज़ार रुपए के मध्य आ रहा है जबकि उपभोक्ताओं द्वारा विद्युत का उपयोग उसी यूनिट स्तर पर किया जा रहा है। विद्युत बिल की इस अनियमितता से किसानों, छोटे व्यापारियों, मजदूरों एवं मध्यम वर्ग के परिवारों को अतिरिक्त आर्थिक लाभ उठाने विवश होना पड़ रहा है।काफ़ी संख्या में उपभोक्ता अपने विद्युत बिल को सुधरवाने विभाग कार्यालय पहुंचते हैं परंतु उनकी समस्याओं का कोई निराकरण नहीं हो पा रहा है।उन्होंने उक्त विषय पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए आम जनता को विद्युत बिल संबंधी समस्याओं से निजात दिलाने की मांग की है।

# पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर जानलेवा हमला, रॉड से मारा



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पुराने विवाद को लेकर एक युवक की बेदम पिटाई का मामला सामने आया है। आरोपियों ने युवक को घेरकर देर रात उसकी जमकर पिटाई की और जान से मारने की धमकी दी। अब इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इधर इस मामले में युवक की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है कि गांधीनगर थाना अंतर्गत ठाकुरपुर बरसाना रेसीडेंसी निवासी सत्यम पासवान आ. प्रमोद पासवान जियो मार्ट में काम करता है। सत्यम पासवान का पिछले वर्ष होली में करन, प्रतीक व चौहान से विवाद हुआ था। इसके साथ ही सत्यम के दोस्त की स्कूटी से टक्कर के बाद वाहन मरम्मत को लेकर आए दिन तीनों सत्यम के साथ गाली गलौज करते रहते थे।

9 फरवरी को युवक रात दस बजे जियो मार्ट से काम करके अपनी बैक सीजी 15 ईजी 4489 वापस घर लौट रहा था। इस दौरान गोरसी डबरा आर्शीवाद हास्पीटल के समीप करन, प्रतिक, चौहान सहित अन्य लोगों ने सत्यम पासवान को रोक लिया और गाली गलौज करने के साथ ही लोहे के छड से हमला कर दिया जिससे युवक जमीन पर गिर गया इसके बाद सभी ने उसे घेर लिया। युवक ने भागने का प्रयास किया तो दौडाते हुए खेत में पकड़कर ईंट, हाथ मुक्का से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसके साथ ही आरोपियों ने युवक की बाइक को भी तोड़ दिया। आरोपियों ने घटना की शिकायत करने पर जान से मारकर फेंकने की धमकी दी।

घायल युवक ने मामले की शिकायत अस्पताल में उपचार के बाद पुलिस से की जिसके बाद पुलिस द्वारा मामले में बीएनएस की धारा 126(2), 296, 351(3), 115(2), 324(4), 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।



# शादी कार्यक्रम में काम करने आई युवती गिरी कुंए में, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

ग्राम सलका में एक शादी कार्यक्रम में काम करने आई युवती कुआं में गिर गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार करौंधा थाना अंतर्गत ग्राम कमलापुर निवासी इलीशाबा खेस आ. सिमोन खेस (32 वर्ष) अंबिकापुर के एक कैटरिंग संचालक के साथ ग्राम सलका निवासी शिवमंगल रजक के भतीजे की शादी कार्यक्रम में काम करने आई थीं। बताया जा रहा है कि मंगलवार देर रात वह किसी काम के सिलसिले में घर के बाहर निकली थीं तभी कुआं में गिर गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आशंका जताई जा रही है कि अंधेरे के कारण युवती का पैर फिसल गया और वह कुएं में जा गिरीं। युवती के कुएं में गिर जाने की जानकारी देर रात तक किसी को नहीं लगी। बुधवार सुबह जब उनके साथ आए अन्य कर्मचारियों ने कुएं में लाख को देखा तब घटना का खुलासा हुआ। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की सहायता से लाश को कुएं से बाहर निकलवाया। पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया। मामले में पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।



# मां कुदरगढ़ी क्रिकेट प्रतियोगिता में कुंजनगर की टीम बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

खेल भावना से भरपूर माहौल के बीच ग्राम हर्राटिकरा में आयोजित मां कुदरगढ़ी क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला संपन्न हुआ। ग्रामीण अंचल में आयोजित इस प्रतियोगिता ने न केवल युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच दिया, बल्कि पूरे क्षेत्र को उत्सव का रंग भर दिया।

क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला हर्राटिकरा और कुंजनगर की टीमों के बीच खेला गया। दोनों टीमों ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन कर फाइनल में जगह बनाई थी। जिससे मुकाबला बेहद रोमांचक होने की उम्मीद पहले से ही थी। इस मुकाबले में कुंजनगर की टीम ने संयमित बल्लेबाजी और सधी हुई गेंदबाजी के दम पर जीत दर्ज कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की कड़ी टक्कर के बीच निर्णायक क्षणों में कुंजनगर के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता अपने नाम की,समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष हरीश राजवाड़े उपस्थित रहे। उन्होंने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान करते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के आयोजन युवाओं को नशे और अन्य सामाजिक बुराइयों से दूर रखकर सकारात्मक दिशा देते हैं। कार्यक्रम में भागवत प्रजापति एवं अमित मित्तल सहित अन्य अतिथियों की भी उपस्थिति रही। इस दौरान आयोजन समिति के गोपाल, दलसाय, टीपेंद्र, बहादुर, अमर, अनुराग, उमेश व अन्य उपस्थित थे।



# जरही टीम ने पेनाल्टी शूटआउट से जीती ग्रामीण स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता

**प्रतापपुर।** गोदा सत्तीपारा में आयोजित ग्रामीण स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता को फाइनल मुकाबला जरही और गोदा की टीम के बीच हुआ। रोमांचक मुकाबले में निर्धारित समय में दोनों टीम बराबरी पर रही वहीं जिसके बाद पेनाल्टी शूट आउट से मैच का निर्णय हुआ जिसमें जरही की टीम ने पांच गोल कर प्रतियोगिता अपने नाम की। मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों ने आक्रामक खेल दिखाया। पहले हाफ में गोंदा ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए एक गोल से बढ़त बना ली तो जवाब में जरही टीम ने भी एक गोल कर बराबरी करली। निर्धारित समय तक दोनों टीम 1-1 की बराबरी पर रहा। इसके बाद निर्णय पेनाल्टी शूटआउट से हुआ, जहां जरही की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 गोल किए जबकि गोंदा की टीम 3 गोल ही कर सकी। इस तरह जरही ने खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले के दौरान मैदान में भारी उत्साह देखने को मिला। स्थानीय ग्रामीणों, युवाओं और खेल प्रेमियों की बड़ी संख्या ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। अतिथियों ने विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि चंद्रमणि देवपाल सिंह पैकरा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता है उन्हें उचित मंच और प्रोत्साहन देने की। ऐसे आयोजन युवाओं को नशे और गलत प्रवृत्तियों से दूर रखते हुए सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। इस दौरान पुरन राम राजवाड़े, सुख सागर राजवाड़े, लालसाय सिंह पावले, रुद्र राजवाड़े, अनुकंपा कुजूर, सरस्वती साहू, रामकुमार सिंह के अलावा आयोजन समिति के अध्यक्ष अजय कुमार साहू, ब्रिज विलास, अमित खलखो, प्रेम साहू, रामसेवक राजवाड़े, शिवचंद राजवाड़े, मुन्ना राजवाड़े सहित अन्य मौजूद रहे।

# शिव चर्चा में श्रद्धालुओं ने लिया शिव गुरु के संदेश को अपनाने का संकल्प

प्रतापपुर। ग्राम पंचायत खड़गवां कला स्थित शिव चर्चा भवन में साप्ताहिक शिव चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान भगवान महेश्वर को गुरु रूप में स्मरण करते हुए उनके दिव्य स्वरूप, गुणों और महिमा का विस्तार से बखान किया गया।

कार्यक्रम में बताया गया कि भगवान भोलेनाथ आदिकाल से ही गुरु रूप में विराजमान हैं। वे केवल संहारक या देवाधिदेव ही नहीं, बल्कि समस्त सृष्टि के प्रथम गुरु भी हैं। हालांकि पूर्व समय में जनमानस उन्हें इस रूप में पूरी तरह नहीं पहचान पाया था, किंतु अब शिव को



गुरु रूप में स्वीकार करने और उनके बताए मार्ग पर चलने की जागृति समाज में तेजी से फैल रही है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने महेश्वर शिव को जीवन का मार्गदर्शक मानते हुए उनके प्रति आस्था प्रकट की। शिव चर्चा के दौरान श्रद्धालुओं ने संकल्प लिया कि वे स्वयं शिव गुरु के संदेश को अपनाएंगे और अधिक से अधिक लोगों को शिव से जोड़ने का प्रयास करेंगे।

## तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ

# आध्यात्मिकता के बिना समावेशी विकास संभव नहीं : प्रो बाजपेई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर




राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग एवं अर्थशास्त्र के राष्ट्रीय एसोसिएशन एसेड्स के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी नेविगेटिंग ग्लोबल चैलेंजेस सोशियो-इकोनॉमिक पर्सपेक्टिव ऑन सस्टेनेबिलिटी, इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी का शुभारंभ बुधवार को किया गया।

संगोष्ठी में मुख्य अतिथि अटल बिहारी विवि के कुलपति प्रो.एडीएन बाजपेयी ने समावेशी एवं संतुलित विकास के लिए आध्यात्मिकता की आवश्यकता पर गहन चर्चा की। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक समाजवाद के द्वारा ही शांति, समता एवं समग्रता के साथ विकास संभव है। प्राचार्य प्रो.अनिल कुमार सिन्हा ने देश-विदेश से आए शिक्षाविदों का स्वागत किया। नीति आयोग के चेयर प्रोफेसर प्रो.मनमोहन कृष्णा ने च्वॉयस आर्किटेक्चर एवं विकल्प संरचना की भूमिका पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात प्रो.विनोद कुमार श्रीवास्तव एवं डॉ.सरिता द्विवेदी द्वारा रचित किताब कला शक्ति एवं डॉ.सरिता द्विवेदी द्वारा लिखित पुस्तक भारतीय समकालीन कला का विमोचन किया गया। संगोष्ठी में एसजीजीयू के कुलसचिव प्रो.शारदा प्रसाद त्रिपाठी ने शोध के क्षेत्र में स्वयं के अनुभव साझा किए और कहा कि इस क्षेत्र में और अधिक प्रयास की आवश्यकता है जिससे समाज के लिए अधिक से अधिक सार्थक निष्कर्ष निकाले जा सकें। क्षेत्रीय अपर संचालक प्रो.रिजवान उल्ला ने कहा कि निरंतर नए शोध के माध्यम से ज्ञान प्राप्ति का अवसर शोधार्थियों को मिलता रहता है। किसी भी राष्ट्र की स्थिति उसके आर्थिक स्तर पर निर्भर करती है। यह सदी बाजार की सदी है जिसमें बाजार की प्रमुखता है। बाजार एवं कंज्यूमर दोनों का सशक्त होना अति आवश्यक है। मणिपुर केंद्रीय विवि के पूर्व कुलपति प्रो.एपी पाण्डेय एवं एमिटी यूनिवर्सिटी लखनऊ की प्रो.अल्पना श्रीवास्तव ने ऑनलाइन जुड़कर अपना अनुभव साझा किया।

एसेड्स के ज्ञान रत्न पुरस्कार के लिए तात्या टोपे विवि के कुलपति प्रो.किशन यादव को चयनित किया गया। संगोष्ठी का संचालन डॉ.हर्षदीप सिंह धंजल एवं डॉ.रश्मित कौर ने किया।

# तेज रफ्तार स्कॉर्पियो पलटी, चालक की मौके पर मौत

**सीतापुर।** बीती रात तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में स्कॉर्पियो चला रहे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए मृतक का शव पोस्टमार्टम के बाद स्वजनों को सौप दिया। सड़क दुर्घटना में जवान बेटे की मौत से घर मे मातम छा गया है परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

प्राप्त जानकारी अनुसार बीती रात सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम जामडीह चौक के पास तेज रफ्तार स्कॉर्पियो वाहन पलट गई। इस घटना में वाहन चला रहे वाहन स्वामी धरमपुर निवासी 22 वर्षीय सत्येंद्र खलखो की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक काराबेल से बुकिंग में सवारी लेकर मुडेकेला गया था। वापस आने के बाद वाहन सवारों को काराबेल छोड़कर अपने घर वापस जा रहा था। इस दौरान जामडीह चौक के पास तेज रफ्तार स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक 25 बीएच 5561 अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में स्कॉर्पियो चला रहे वाहन स्वामी सत्येंद्र खलखो की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव हॉस्पिटल भिजवाया। पुलिस ने शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया।मृतक सत्येंद्र तीन बहनों के अलावा अपने माता पिता का इकलौता संतान था। उसके पिता सीआईएसएफ जवान के रूप में कार्यरत है।




### बाइक की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

नेशनल हाईवे क्रमांक 43 में तेज रफ्तार का कहर थमने का नाम नही ले रहा है। बीते दिनों प्रतापगढ़ के सडकपारा में साइकिल सवार 49 वर्षीय नंदलाल को बाइक सवार युवक ने टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद बाइक सवार युवक मौके से फरार हो गया। बाइक की ठोकर से गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को हॉस्पिटल लाया गया जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। इस मामले में पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।



# क्रूरता भरी एक्शन-थ्रिलर मूवी है 'टॉक्सिक -ए फेयरी टेल'

**मुंबई।** साउथ के सुपरस्टार एक्टर यश की अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक - ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन अप्स' सिनेमाघरों में 19 मार्च को रिलीज होने जा रही है। फिल्म के यूएई डिस्ट्रिब्यूटर फार्स फिल्म्स ने फिल्म की कहानी के बारे में जानकारी अपनी वेबसाइट पर जारी की है। फिल्म टॉक्सिक की कहानी का प्लॉट 1940 और 1970 के गोवा में रचा गया है। वेबसाइट पर फिल्म के सिनॉप्सिस में लिखा गया है, '1940 के दशक से शुरू होकर 1970 के दशक के बीच गोवा में घटित होती 'टॉक्सिक' एक क्रूरता भरी एक्शन-थ्रिलर मूवी है जो स्वर्ग जैसी इस जमीन के नीचे पनप रहे करप्शन की गहराई में उतरती है। कहानी के बारे में लिखा गया है- सत्ता मुफ्त में नहीं मिलती, बल्कि छीनी जाती है।

लाइफ Style



# रश्मिका
## शादी की गेस्ट लिस्ट में कोई सेलिब्रिटी नहीं

रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा की शादी को लेकर कुछ नई जानकारियां सामने आई हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 26 फरवरी को उदयपुर में शादी के बाद दोनों 1 महीने छुट्टी पर जाने वाले हैं। शादी की गेस्ट लिल्ट बहुत छोटी और निजी रखी गई है। इसमें किसी सेलिब्रिटी को न्योता नहीं दिया गया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा की शादी की चर्चा जोर-शोर से चल रही है। सोशल मीडिया पर शादी का कार्ड वायरल है। कथित तौर पर आगामी 26 फरवरी को दोनों उदयपुर में परिवार और बेहद करीबी दोस्तों की मौजूदगी में सात फेरे लेने वाले हैं। ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, यह शादी बेहद प्राइवेट रहने वाली है। मेहमानों पर सेरेमनी की फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने की पाबंदी लगाई गई है। वेडिंग वेन्यू पर 'नो-फोन पॉलिसी' लागू होगी। यानी कोई मेहमान अपना फोन अंदर नहीं ले जा पाएंगे। इस बीच चर्चा ये भी है कि रश्मिका मंदाना शादी के बाद काम से करीब 1 महीने का ब्रेक लेंगी। ऐसे में अब यह भी कहा जा रहा है कि रश्मिका और शाहिद 'कॉकटेल 2' के बाद अमित शर्मा की रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म में नजर नहीं आएंगे। उदयपुर में यह शादी बहुत प्राइवेट होगी, जिसमें सेलिब्रेशन 24 फरवरी से शुरू होंगे और 26 फरवरी को सात फेरों की सेरेमनी के साथ खत्म होंगे। गेस्ट लिस्ट बहुत छोटी रखी गई है। फोन अलाउड नहीं होंगे। यहां तक कि शादी की तस्वीरें कैप्चर करने वाली टीम से भी एनडीए (नॉन-डिस्क्लोजर एग्रीमेंट) पर साइन करवाया गया है।

## हॉलीवुड मसाला



# द ब्लफ का हुआ वर्ल्ड प्रीमियर

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'द ब्लफ' के वर्ल्ड प्रीमियर में कलाकार और निर्माता प्रियंका चोपड़ा जोनस और निक जोनस 17 फरवरी को लॉस एंजिल्स पहुंचे। प्रियंका और निक की कुछ तस्वीरें और वीडियो सोशल नीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं। कैलिफोर्निया के लॉस एंजिल्स शहर में हाल ही में प्रियंका चोपड़ा जोनस की आगामी फिल्म 'द ब्लफ' का विश्व प्रीमियर हुआ है। इसके प्रीमियर पर फिल्म की स्टार कास्ट के अलावा कई सेलेब्स ने शिरकत की। 'द ब्लफ' के प्रीमियर में निक जोनस का स्टाइलिश और रोमांटिक अंदाज दोनों देखने को मिला।



# जल्द लौटेगा हैना मोंटाना मेकर्स ने जारी किया टीजर

**लॉस एंजिल्स।** हैना मोंटाना के बीस साल पूरे होने की खुशी में माईली साइरस ने फैंस को एक खास तोहफा दिया है। जल्द ही इस शो का प्रीमियर होने जा रहा हैं। माईली साइरस के पॉपुलर शो हैना मोंटाना ने अपने बीस साल पूरे कर लिए हैं। इस मौके पर मेकर्स एक खास शो रखा है। इस शो में माईली अपने फैंस के साथ लाइव बातचीत करेगीं। साथ ही शो के सेट को दोबारा क्रिएट कर सीरीज के अनदेखे फुटेज भी शेयर किए जाएंगे। मेकर्स ने पोस्ट शेयर कर बताया कि हैना मोंटाना के बीस साल पूरे होने पर माईली साइरस सेट पर वापसी कर रही हैं। इस शो का प्रीमियर 24 मार्च को किया जाएगा। दर्शक इस शो को डिज्नी प्लस पर देख सकते हैं। यह भी कहा गया है इस शो में माईली अपने फैंस के साथ लाइव बातचीत करेंगी।



# प्रियंका को अभी नहीं कर सकती अफोर्ड...


**मुंबई।** मीरा चोपड़ा साउथ और बॉलीवुड फिल्मों के अलावा प्रियंका चोपड़ा की कजिन बहन के तौर पर पहचानी जाती हैं। शादी के बाद वह फिल्मों से दूर थीं, लेकिन अब बतौर फिल्ममेकर उन्होंने साइलेंट फिल्म 'गांधी टॉक्स' के साथ वापसी की। एक बातचीत में उन्होंने अपने कॅरियर, प्रियंका चोपड़ा की सलाह सहित कई विषयों पर बात की। बतौर फिल्ममेकर डेब्यू करने के बाद क्या वह आगे अपनी फिल्म में बहन प्रियंका चोपड़ा को कास्ट करने के बारे में सोचती हैं। इस सवाल के जवाब में उन्होंने हंसते हुए कहा, 'नहीं...नहीं। अभी तो मैं वो नहीं कर सकती। मैं अभी उनको एफोर्ड ही नहीं कर सकती हूं। मैं कभी सपने में भी ऐसा नहीं सोचती हूं। हां जब बड़ी फिल्ममेकर बन जाऊंगी तो एक दिन अपनी फिल्म में प्रियंका को कास्ट करना चाहूंगी।'



# श्रद्धा की ईथा का पुणे शेड्यूल पूरा...

**मुंबई।** अभिनेत्री श्रद्धा कपूर की फिल्मों का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार रहता है। अब श्रद्धा ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'ईथा' के पुणे शेड्यूल की शूटिंग पूरी कर ली है। ईथा महाराष्ट्र की प्रसिद्ध लावनी और तमाशा डांसर विठाबाई भाऊ मांग नारायणगांवकर के जीवन पर आधारित है। फिल्म में श्रद्धा के साथ अभिनेता रणदीप हुड्डा भी नजर आएंगे। अब शेड्यूल रैप होने के बाद दोनों कलाकारों का केक काटते वीडियो वायरल है। ईथा के पुणे शेड्यूल की शूटिंग पूरी होने पर सेट पर केक काटकर जश्न मनाया गया। इसमें फिल्म की कास्ट और क्रू शामिल हुए। इसमें अभिनेत्री श्रद्धा कपूर और अभिनेता रणदीप हुड्डा से लेकर फिल्म के निर्देशक लक्ष्मण उतेकर और प्रोडक्शन टीम के सदस्य भी मौजूद रहे। अब केक काटने के दौरान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है।

## टीवी मसाला



# अमिताभ का ट्वीट- अपनी आवाज अब अपनी ना रही

**नई दिल्ली।** 83 वर्षीय अमिताभ बच्चन ने अपने एक्स अकाउंट पर एक ट्वीट किया। उन्होंने लिखा, 'टी 5660 - अपनी आवाज़ अब अपनी ना रही !!!' इस पर यूजर्स ने धड़ाधड़ कमेंट्स किए। कुछ ने अमिताभ का साथ दिया, तो कुछ ने उनके साथ मसखरी की और खिंचाई शुरू कर दी। रणवीर शौरी ने भी इस पर रिएक्ट किया, अब तो अपनी शक्ल भी अपनी नहीं रही है। वहीं, लोग अमिताभ से कह रहे हैं कि ये शरीर भी अपना नहीं है, मिट्टी का है, तो फिर किसलिए घबरा रहे हो? शायद अमिताभ बच्चन की फिल्मों की इतना चर्चा नहीं होती होगी, जितनी उनके ट्वीट्स और ब्लॉग के पोस्ट की होती है। उनका हर ट्वीट तुरंत ही वायरल हो जाता है। ट्वीट भी ऐसे होते हैं कि कई बार तो यूजर्स को उनका मतलब समझ नहीं आता और वो कन्फ्यूज हो जाते हैं। कई बार अमिताभ बच्चन से ही मतलब पूछने लगते हैं। उनके पहेलियों भरे ट्वीट्स हमेशा ही सुर्खियां बटोरते हैं। अब अमिताभ बच्चन का नया ट्वीट भी कुछ ऐसा ही है, जिसकी चर्चा हो रही है। एक यूजर का कमेंट है, 'ये बोलके एलेक्सा को कनफ्यूज मत कीजिए।' एक बोला, 'रेखा जी की होगी।' एक और कमेंट आया, 'जब लोगों ने अपना ज़मीर ही बेच दिया तो आवाज का तो क्या ही कहना।' एक बोला, '83 साल बोले अब गले को विश्राम दीजिए।' एक यूजर ने अमिताभ के ट्वीट पर रिप्लाई लिखा, 'सर, आवाज तो अब एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) की हो गई, बस दुआ करिए कि 'परंपरा, प्रतिष्ठा और अनुशासन' अभी भी आपका ही रहे! वरना मोहल्ले के लड़के भी अब शहंशाह वाली आवाज में उधार मांग रहे हैं। प्रोफेशनल फ्रंट की बात करें, तो अमिताभ बच्चन साल 2024 में आई फिल्म 'कल्कि 2898 **AD**' और 'वेट्टाइयां' में नजर आए थे। इसके बाद 2025 में उन्होंने फिल्म '120' में वॉइसओवर दिया।

## प्रेग्नेंसी ग्लो से चमक उठा सुरभि ज्योति का चेहरा


**नई दिल्ली।** टीवी एक्ट्रेस सुरभि ज्योति मां बनने वाली हैं। उन्होंने हाल ही में अपनी प्रेग्नेंसी की खबर सोशल मीडिया पर दी थी। अब उन्होंने बेबी बंप



फ्लॉन्ट करते हुए कुछ प्यारी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कीं। सुरभि ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की 15 तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में सुरभि काफी खिली सी और आकर्षक नजर आ रही हैं। उनकी प्रेग्नेंसी ग्लो ने चेहरे की मुस्कान को और भी खूबसूरत बना दिया है। अपनी इन तस्वीरों में बेबी बंप फ्लॉन्ट करती हुईं सुरभि ने लिखा है, 'जंगल में फूल की तरह धीरे-धीरे खिलना।' 'कुबूल है', 'नागिन' और 'इश्कबाज' जैसे सीरियल्स से मशहूर सुरभि ज्योति हमेशा से अपनी खूबसूरती और एक्टिंग के लिए जानी जाती हैं। प्रेग्नेंसी के समय अपने इस पोस्ट में अपने ग्रेसफुल अंदाज से फैंस का दिल जीत रही हैं। पोस्ट पर सुरभि के इंडस्ट्री के दोस्तों और कलाकारों ने भी रिएक्ट किया है।

# हीरो ने मुफ्त में किया काम, डायरेक्टर ने भी नहीं ली फीस बड़े पर्दे पर उतार दी ऐसी कहानी, झटक लिए थे 35 अवॉर्ड

***नई दिल्ली।*** *क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि किसी फिल्म के हीरो और डायरेक्टर ने एक रुपया भी फीस न ली हो? साल 2014 में एक ऐसी फिल्म आई, जिसने बॉलीवुड के सारे समीकरण बदल दिए। बजट की कमी और कहानी के प्रति जुनून ऐसा था कि लीड हीरो और निर्देशक ने मुफ्त में काम करने का फैसला किया, ताकि सारा पैसा पर्दे पर कहानी उतारने में लगे। कश्मीर की वादियों में रची गई इस दर्दनाक दास्तां ने बॉक्स ऑफिस पर ही नहीं, बल्कि अवॉर्ड्स की दुनिया में भी तहलका मचा दिया और कुल 35 से ज्यादा अवॉर्ड्स अपने नाम किए। आज भी इस फिल्म की गिनती भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े मास्टरपीस में होती हैं। बॉलीवुड में जब भी किसी कल्ट फिल्म या मास्टरपीस की बात होती है, तो विशाल भारद्वाज की 'हैदर' का नाम सबसे ऊपर आता हैं। साल 2014 में आई इस फिल्म ने ना सिर्फ बॉक्स ऑफिस पर अपनी जगह बनाई, बल्कि सिनेमा की परिभाषा ही बदल दी। शाहिद कपूर ने अपनी दमदार परफॉर्मेंस से ऑडियंस के दिलों को जीत लिया था। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि इस फिल्म को बनाने के लिए इसके लीड हीरो शाहिद कपूर और डायरेक्टर विशाल भारद्वाज ने एक रुपया भी फीस नहीं ली थी? जी हां, यह बिल्कुल सच हैं। विशाल भारद्वाज कश्मीर की वादियों में शेक्सपियर के 'हैमलेट' को उतारना चाहते थे, लेकिन बजट की कमी आड़े आ रही थी। फिल्म का विजन इतना बड़ा था कि अगर शाहिद और विशाल अपनी रेगुलर फीस लेते तो फिल्म शायद कभी बन ही नहीं पाती। दोनों ने तय किया कि वे फिल्म में पैसा लगाने के बजाय अपनी मेहनत इन्वेस्ट करेंगे। नतीजा यह हुआ कि फिल्म बनी और ऐसी बनी कि इसने अवाड्र्स जीतने में भी रिकॉर्ड खड़े कर दिए।*



## अशांत कश्मीर की पृष्ठभूमि पर आधारित हैं कहानी

'हैदर' की कहानी 90 के दशक के अशांत कश्मीर की पृष्ठभूमि पर आधारित हैं। हैदर (शाहिद कपूर) एक नौजवान है, जो अपनी पढ़ाई पूरी कर अपने घर श्रीनगर लौटता हैं। उसे पता चलता है कि उसके पिता डॉक्टर हिलाल मीर गायब हो चुका है और उनके घर को सेना ने उड़ा दिया हैं। घर लौटने पर हैदर को सबसे बड़ा झटका तब लगता है, जब वह अपनी मां गजाला (तब्बू) को अपने चाचा खुर्रम (के के मेनन) के साथ खुश देखता हैं। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, हैदर को पता चलता है कि उसके पिता की गिरफ्तारी और मौत के पीछे किसी और का नहीं, बल्कि उसके सगे चाचा का हाथ हैं।

# बाफ्टा 2026 में अवॉर्ड प्रेजेंटर बनेंगी आलिया
## भारत को फरहान अख्तर की बूंग से उम्मीदें

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट को प्रतिष्ठित ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स ने अवाड्र्स प्रेजेंटर्स में शामिल किया है। जी हां, **BAFTA** 2026 के मंच पर अब राहा की मम्मी भी नजर आएंगी। बाफ्टा ने एक लिस्ट जारी की है, जिसमें अवॉर्ड प्रेजेंटर्स के नाम हैं। ये वो दिग्गज हैं, जो 22 फरवरी को अवॉर्ड सेरेमनी में मंच पर विजेताओं के नाम का ऐलान करेंगे और उन्हें ट्रॉफी देंगे। इस लिस्ट में आलिया भट्ट के साथ ही 'ओपेनहाइमर' फेम किलियन मर्फी का भी नाम है। आलिया भट्ट के अलावा, बाफ्टा फिल्म अवाड्र्स के प्रेजेंटर्स की लिस्ट में किलियन मर्फी, एमी लू वुड, ब्रायन क्रैंस्टन, डेविड जोंसन, डेलरॉय लिंडो, गिलियन एंडरसन, ग्लेन क्लोज, ओलिविया कुक, पैट्रिक डेम्पसी, एरॉन पियरे, एलिसिया विकेंडर, एरिन डोहर्टी, हन्नाह वाडिंगहैम, कैथरीन हैन, केरी वाशिंगटन, लिटिल सिम्ज, मैगी गिलेनहाल, मिया मैककेना-ब्रूस, मिली एल्कॉक, मिन्नी ड्राइवर, नोआ जूप, रेगे-जीन पेज, रिज अहमद, स्टॉर्मजी और वारविक डेविस जैसे ग्लोबल नाम भी शामिल हैं।



### प्रियंका और दीपिका आ चुकी हैं नजर

बाफ्टा 2026 में कई नॉमिनी प्रेजेंटर के तौर पर भी काम करेंगे, इनमें एथन हॉक, माइकल बी. जॉर्डन, केट हडसन, माइल्स कैटन, एमिली वॉटसन और स्टेलन स्कार्सगार्ड शामिल हैं। जानकारी के लिए बता दें कि आलिया भट्ट से पहले, ग्लोबल अवॉर्ड सेरेमनी में बुलाए गए दूसरे इंडियन एक्टर्स में प्रियंका चोपड़ा और दीपिका पादुकोण का भी नाम है। साल 2021 में प्रियंका चोपड़ा जोनस और 2024 में दीपिका पादुकोण इसमें शामिल हुई थीं।

### वन बैटल आफ्टर अनअदर को सबसे अधिक 14 नॉमिनेशन

बाफ्टा 2026 के नॉमिनेशन की बात करें तो पॉल थॉमस एंडरसन की लियोनार्डो डिकैप्रियो स्टारर फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनअदर' को सबसे अधिक 14 नॉमिनेशन मिले हैं। इसके बाद रयान कूगलर की वैम्पायर ड्रामा 'सिनर्स' को 13 नॉमिनेशन मिले हैं। क्लो झाओ की शेक्सपियरियन ड्रामा 'हैमनेट' और जोश सफ्डी की 'मार्टी सुप्रीम' को 11-11 नॉमिनेशन मिले हैं।

## राजेश खन्ना ने दिया था पहला बड़ा ब्रेक, 1971 के बाद बदली तकदीर
# हिंदी सिनेमा में सलीम-जावेद की जोड़ी को माना जाता है मील का पत्थर

***नई दिल्ली।*** *हिंदी सिनेमा के इतिहास में सलीम-जावेद की जोड़ी को मील का पत्थर माना जाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस दिग्गज साझेदारी को पहला बड़ा ब्रेक किसने दिलाया? सलीम-जावेद की जादुई कलम ने कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दी। अमिताभ बच्चन को सुपरस्टार बना और खुद भी दोनों ने बॉलीवुड की रूपरेखा बदल के रख दी। लेकिन, क्या आप जानते हैं इस जोड़ी को पहली ब्रेक किसने दिया था? दोनों की जोड़ी को हिट कराने के पीछे एक सुपरस्टार का नाम हैं? दिग्गज पटकथा लेखक सलीम खान इन दिनों वेंटिलेटर सपोर्ट पर हैं और मुंबई के लीलावती अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। 90 साल इस लेखक ने हिंदी सिनेमा की भाषा को ही बदलकर रख दिया। लेकिन, कम लोग जानते हैं कि सलीम खान और जावेद अख्तर की इस महान जोड़ी को पहला बड़ा ब्रेक किस सुपरस्टार ने दिया था। जिसके बाद सलीम-जावेद की जोड़ी ने हिंदी सिनेमा को कई यादगार और ऐतिहासिक फिल्में दीं।*



### अभिनय से किया था सिनेमा का सफर

सलीम खान का सिनेमा सफर लेखन से नहीं, बल्कि अभिनय से शुरू हुआ था। उन्हें पहला बड़ा अवसर फिल्म 'बारात' (1960) में मिला, जिसके लिए उन्हें 1000 रुपए साइनिंग अमाउंट और शूटिंग के दौरान 400 रुपए मासिक वेतन मिलता था। उन्होंने यह ऑफर स्वीकार किया और मुंबई आकर महिमा में किराए के फ्लैट में रहने लगे। 'प्रिंस सलीम' के स्क्रीन नाम से काम करते हुए उन्होंने करीब दो दर्जन फिल्मों में काम किया, जिनमें तीसरी मंजिल (1966), सरहदी लुटेरा (1966) और दीवाना (1967) शामिल हैं। 'तीसरी मंजिल' में उनका रोल काफी अच्छा था, लेकिन इसके बावजूद स्टारडम उनसे दूर रहा।

### 24 फिल्मों में साथ किया काम



कुल मिलाकर उन्होंने 24 फिल्मों में साथ काम किया, जिनमें से 20 सुपरहिट रहीं। सलीम-जावेद को अब तक के सबसे सफल पटकथा लेखक के रूप में वर्णित किया जाता है। सलीम-जावेद ने हिंदी सिनेमा की भाषा बदली। 'एंग्री यंग मैन' युग लाए, अमिताभ बच्चन को स्टार बनाया। सबसे खास बात यह है कि वे भारतीय सिनेमा के पहले ऐसे लेखक थे, जिन्होंने सिर्फ लेखक के रूप में स्टार का दर्जा हासिल किया।

### सरहदी लुटेरा के दौरान हुई मुलाकात

'सरहदी लुटेरा' के दौरान ही सलीम खान की मुलाकात जावेद अख्तर से हुई। उस वक्त जावेद अख्तर क्लैपर बॉय का काम करते थे और बाद में निर्देशक एस.एम. सागर ने उन्हें डायलॉग राइटर बना दिया। दोनों अपने-अपने गुरुओं के यहां काम कर रहे थे, जो पड़ोसी हुआ करते थे। सलीम अबरार अल्वी के साथ स्क्रीनप्ले और डायलॉग लिखने में असिस्ट कर रहे थे, जबकि जावेद कैफी आजमी के साथ शायरी सीख रहे थे। इस नजदीकी के चलते दोनों की मुलाकातें बढ़ीं और जल्द ही उन्होंने साथ काम करने का फैसला किया। सलीम कहानी और प्लॉट पर फोकस करते थे, जबकि जावेद डायलॉग और कभी-कभी गीत लिखते थे।

***हाथी मेरे साथी हुई जबरदस्त हिट :*** *वह फिल्म थी 'हाथी मेरे साथी' (1971), जो जबरदस्त हिट हुई। इस सफलता ने सलीम-जावेद को एक विश्वसनीय पटकथा लेखक के रूप में स्थापित किया और बड़े अवसरों के द्वार खोल दिए। 'हाथी मेरे साथी' की सफलता के बाद जी.पी. सिप्पी ने उन्हें सिप्पी फिल्म्स के लिए रेजिडेंट स्क्रीनराइटर के रूप में हायर किया। उनकी पहली बड़ी सफलता अंदाज (1971) थी, उसके बाद अधिकार, हाथी मेरे साथी और सीता और गीता (1972) आईं।*

## खबर संक्षेप

### कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ विष्णु महायज्ञ



**करवां।** संत सनातन समाज के तत्वाधान में श्रद्धा, आस्था और वैदिक परंपरा के बीच चार दिवसीय सार्वजनिक विष्णु महायज्ञ का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कलश यात्रा से हुई, जिसमें श्रद्धालुओं ने कसलगिरि झरना से विधिवत पूजन कर जल लेकर नगर भ्रमण करते हुए यज्ञ शाला भवन तक शोभायात्रा निकाली। ढोल-नगाड़ों, भजन-कीर्तन और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ निकली इस यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, युवतियां एवं पुरुष श्रद्धालु पीला वस्त्र पहने हुए पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। इस बीच जगह-जगह पर पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया गया। यज्ञ शाला पहुंचने पर यज्ञ शाला भवन का परिक्रमा कर भगवान की स्तुति किया गया। तत्पश्चात आचार्यों के निर्देशन में कलश पूजन कर विधिवत कलश स्थापना, वेदी पूजन एवं अग्नि प्रज्वलन किया गया। यज्ञ के माध्यम से क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और मंगल की कामना की जा रही है।

### नए आपराधिक कानूनों पर जागरूकता अभियान



**सूरजपुर।** पुलिस चौकी सलका-उमेश्वरपुर में पुलिस ने नए आपराधिक कानूनों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। चौकी प्रभारी संजय यादव ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमेश्वरपुर में बीएनएस, बीएनएसएस और बीएसए की विशेषताओं से स्कूली बच्चों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि नए कानूनों का मुख्य उद्देश्य दंड से न्याय की ओर बढ़ना है। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान चौकी प्रभारी ने स्पष्ट किया कि इन कानूनों का लक्ष्य न्याय प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, त्वरित और पीड़ति-केंद्रित बनाना है। इससे आम जनता को कई लाभ मिलेंगे। इन लाभों में ई-एफआईआर की सुविधा, डिजिटल साक्ष्यों की स्वीकार्यता और महिलाओं व कमजोर वर्गों की सुरक्षा के लिए कड़े प्रावधान शामिल हैं।

### सोते समय खाट से गिरने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** खाट से गिरने से गंभीर हुए ग्रामीण की अस्पताल लेकर आते समय रास्ते में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम देवी टिकरा निवासी राम साय आ. सोमार साय (45 वर्ष) रविवार की रात परिवार के सभी सदस्य अपने अपने कमरे में सो रहे थे। तड़के 3 बजे पत्नी अमरपति पति के कमरे में गई तो पति को खाट से नीचे अचेत हालत में पाया।



**कोरियावासियों ने तालियों की गड़गड़ाहट से प्रतिभाओं का बढ़ाया हौसला**

# कोरिया महोत्सव में लोक संस्कृति की महक बिखरी

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

तीन दिवसीय कोरिया महोत्सव का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 17 फरवरी को शासकीय रामानुज आदर्श हायर सेकेंडरी स्कूल के मिनी स्टेडियम में किया था। मंगलवार की संध्या सांस्कृतिक कार्यक्रमों के नाम रही, जहां लोक संस्कृति और परंपरा की सोंधी महक ने पूरे वातावरण को सराबोर कर दिया।

कार्यक्रम की शुरूआत छग के प्रसिद्ध पंथी नृत्य से हुई, जिसमें सतनाम की घोष के साथ कलाकारों ने आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया। इसके पश्चात स्थानीय दलों द्वारा प्रस्तुत शैला नृत्य ने मंच पर जीवंतता बिखेरी और दर्शकों से भरपूर वाहवाही प्राप्त की। शास्त्रीय



प्रस्तुतियों में कथक नृत्यांगना सुश्री आशना दिल्लीवार (रायपुर) ने अपनी मनमोहक भाव-भंगिमाओं और पद संचालन से खूब तालियां बटोरीं। वहीं ओड़िसी नृत्य में सुश्री आंचल पाण्डेय (बिलासपुर) ने लय और ताल के अद्भुत समन्वय से दर्शकों का दिल जीत लिया।

पूरे कार्यक्रम के दौरान दर्शकों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति और तालियों की गड़गड़ाहट ने कलाकारों का हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर काफी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं जिलेवासी उपस्थित रहे। कोरिया महोत्सव के दूसरे दिन की यह सांस्कृतिक संध्या लोक परंपराओं, शास्त्रीय सौंदर्य और सामूहिक उत्साह का सुंदर संगम बनकर यादगार रही।

# 220 बिस्तर सिविल अस्पताल से बदली स्वास्थ्य सेवाएं

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

जिला मुख्यालय स्थित गर्वनमेंट सिविल हॉस्पिटल मनेन्द्रगढ़ का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से उन्नयन कर 220 बिस्तरीय सिविल अस्पताल बनाए जाने के बाद स्वास्थ्य सुविधाओं में लगातार विस्तार हो रहा है। डॉक्टरों की उपलब्धता, विशेषज्ञ सेवाएं, बेड क्षमता, ऑपरेशन और डायलासिस जैसी सुविधाओं के बढ़ने से क्षेत्रीय मरीजों को अब बेहतर इलाज स्थानीय स्तर पर मिल रहा है।

- अंचल के मरीजों की बड़े शहरों पर निर्भरता कम हो रही

अस्पताल प्रबंधन के अनुसार बीते महीनों में चिकित्सा ढांचे को मजबूत करने के साथ-साथ विभागवार सेवाओं का विस्तार किया गया है, जिससे मनेन्द्रगढ़ और आसपास के ग्रामीण अंचल के मरीजों की बड़े शहरों पर निर्भरता कम हो रही है। अस्पताल अधीक्षक डॉ. स्वप्निल तिवारी के मुताबिक अस्पताल में वर्तमान में 15 विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम कार्यरत है। इनमें 3



मेडिकल स्पेशलिस्ट, 2 सर्जन, 2 नेत्र रोग विशेषज्ञ, 2 एनेस्थीसिया विशेषज्ञ सहित अन्य विशेषज्ञ शामिल हैं, इसके अतिरिक्त 10 से अधिक एमबीबीएस डॉक्टर भी पदस्थ हैं।

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर अस्पताल में सुविधाओं का निरंतर विस्तार किया जा रहा है। अस्पताल में 24 घंटे आपातकालीन (इमरजेंसी) सेवाएं संचालित हैं, जिससे दुर्घटना और गंभीर मरीजों को तत्काल उपचार मिल रहा है। 220 बिस्तरीय अस्पताल को पूर्ण रूप से संचालित करने के लिए अतिरिक्त भवनों का उपयोग भी किया जा रहा है। अस्पताल में वर्तमान में एक ही स्त्री रोग विशेषज्ञ होने से कभी-कभी दिक्कतें आती हैं, खासकर उनके अवकाश पर रहने की स्थिति में। हालांकि जिला स्तर पर समन्वय बनाकर मरीजों को सुविधा दी जा रही है। सीएमएचओ डॉ. अविनाश खरे के प्रयासों से एक और स्त्री रोग विशेषज्ञ की ज्वाइनिंग शीघ्र प्रस्तावित है।

### स्थानीय नागरिकों की प्रतिक्रियाएं

डॉक्टरों की संख्या बढ़ने से ओपीडी में लाइन कम हुई है और परामर्श जल्दी मिल रहा है। डायलासिस सुविधा शुरू रहने से गरीब मरीजों को बड़ी राहत मिली है। प्रसूति और ऑपरेशन की सुविधा यहीं मिलने से खर्च और समय दोनों बच रहे हैं। अगर स्त्री रोग विशेषज्ञ और बढ़ जाएं तो महिलाओं को और सुविधा मिलेगी। ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले मरीजों का कहना है कि बेड क्षमता बढ़ने और नई बिल्डिंगों में वार्ड शुरू होने से भर्ती में भी आसानी हुई है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में विशेष प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन में ब्लॉक भरतपुर अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जनकपुर के सभाकक्ष में दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना तथा मैदानी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुदृढ़, संवेदनशील एवं परिणामोन्मुखी बनाना रहा।

कार्यशाला में स्वास्थ्य अमले को रोग नियंत्रण, रोकथाम और उपचार से जुड़ी अद्यतन तकनीकी जानकारी प्रदान की गई। 17 फरवरी को आयोजित सत्र में राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत मलेरिया, डेंगू एवं फाइलेरिया की रोकथाम, पहचान एवं उपचार पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर के रूप में जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. नम्रता चक्रवर्ती एवं जिला मलेरिया कंसलटेंट संजीत सिंह ने लक्षणों की शीघ्र पहचान, समयबद्ध जांच, दवाओं के समुचित उपयोग तथा फील्ड स्तर पर आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सामुदायिक सहभागिता और त्वरित उपचार से इन रोगों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। 18 फरवरी को राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत विशेष सत्र आयोजित किया गया। जिला क्षय अधिकारी डॉ. सुधांशु पटेल एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक संतोष सिंह ने टीबी की समय पर पहचान, उपचार की निरंतरता, मरीजों की नियमित ट्रैकिंग तथा निक्षय पोषण योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि टीबी उन्मूलन के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए स्वास्थ्य कर्मियों की सतर्कता और सतत फॉलोअप अत्यंत आवश्यक है। प्रशिक्षण में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरके रमन, बीपीएम सुलेमान खान, मलेरिया एवं टीबी प्रभारी राय सिंह श्याम तथा बीईटीओ आरपी सोनवंशी की उपस्थिति रही। साथ ही सेक्टर के सीएचओ, सुपरवाइजर, महिला एवं पुरूष आरएचओ, टीबी मितान एवं स्पुटम रनर सहित स्वास्थ्य कर्मियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को निर्देशित किया गया

## अखंड नाम संकीर्तन में बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु

**रामानुजगंज।** ग्राम आरागाही में सार्वजनिक अखंड नाम संकीर्तन समारोह समिति एवं समस्त ग्राम वासियों के तत्वावधान में 16 प्रहर अखंड नाम संकीर्तन समारोह का भव्य आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। यह धार्मिक आयोजन पिछले 40 वर्षों से निरंतर प्रत्येक वर्ष आयोजित किया जा रहा है, जो गांव की अटूट आस्था और समृद्ध धार्मिक परंपरा का परिचायक है। 14 फरवरी को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति में कलश यात्रा के साथ समारोह का शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। 14 से 17 फरवरी तक चले इस चार दिवसीय आयोजन में आसपास के दर्जनों गांवों से श्रद्धालु बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। अखंड



नाम संकीर्तन में त्रिपुरा, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल एवं स्थानीय भजन मंडलियों ने भाग लेकर भक्ति रस की धारा प्रवाहित की। आयोजन स्थल को भव्य और आकर्षक रूप से सजाया गया था। धार्मिक मर्यादा का विशेष ध्यान रखते हुए आयोजन के दौरान चार दिनों तक गांव में मांस की बिक्री पूर्णतः बंद रही तथा ग्रामवासियों ने भी मांसाहार से परहेज किया। इससे पूरे गांव में सात्विकता और आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। समारोह में नपा अध्यक्ष रमन अग्रवाल,सुमित गुप्ता, अमित गुप्ता, प्रमोद मिश्रा,रत्नेश्वर मलिक, कमल मंडल, प्रभात विश्वास, सुशील सरकार, रंजीत धर, कार्तिक माझी, देवाशीष वेद, राजू मंडल, नीतू मंडल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### विभाग ने सूचना के बाद रुकवाए दो बाल विवाह

**बलरामपुर।** बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा पर नियंत्रण के लिए जिले में प्रशासन द्वारा सतत प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में विकासखंड के नगर पंचायत कुसमी एवं ग्राम पंचायत शाहपुर में प्रशासन की तत्परता और समन्वित प्रयास से बाल विवाह रुकवाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पंचायत कुसमी एवं ग्राम पंचायत शाहपुर में 2 नाबालिग बालिका का विवाह तय किया गया था। सूचना मिलते ही प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा संबंधित स्थल पर पहुंचकर जांच की गई, जिसमें बालिकाओं की आयु 15 वर्ष पाई गई। टीम ने मौके पर परिजनों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के प्रावधानों की जानकारी दी तथा परिजनों को बताया गया कि बाल विवाह कानूनन अपराध है, और बाल विवाह में सहयोग करने पर कानून के तहत दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान है। समझाइश पर परिजनों ने बालिकाओं की सही आयु में विवाह करने की बात कही।

## पृष्ठ 1 का शेष

### 70 करोड़ की...

(87.31 लाख) सहित कई बड़ी जल योजनाएं पूर्ण हुई हैं, जिनसे सुरक्षित एवं शुद्ध पेयजल की उपलब्धता हर घर तक सुनिश्चित होगी। जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य और कनेक्टिविटी को भी विशेष मजबूती मिली है। मुख्यमंत्री ने बैकुंठपुर में नवनिर्मित हायर सेकेंडरी स्कूल भवन (121.16 लाख रूपए) का लोकार्पण किया, जबकि जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर में 30 बिस्तरीय पेडिएट्रिक वार्ड की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। लोक निर्माण विभाग (सेतु) द्वारा गेज और हसदेव नदियों पर लगभग 1118 लाख रूपए की लागत से तीन महत्वपूर्ण पुलों का निर्माण भी पूर्ण किया गया, जिससे आवागमन और परिवहन व्यवस्था अत्यंत सुगम होगी। आदिवासी विकास विभाग द्वारा तंजारा में 152.97 लाख रूपए की लागत से प्री-मेट्रिक बालक छात्रावास का निर्माण भी जिले के विद्यार्थियों को बेहतर आवासीय सुविधा प्रदान करेगा। पर्यटन विकास की दृष्टि से जिला खनिज संस्थान न्यास के सहयोग से पोड़ी, घुनघुट्टा जलाशय क्षेत्र में 198.88 लाख रूपए की लागत से ट्री हाउस, रेस्टोरेंट और अन्य पर्यटन सुविधाओं का विस्तार किया गया है, जिससे स्थानीय रोजगार एवं पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में सीसी रोड, नाली निर्माण और एलईडी स्ट्रीट लाइट स्थापना जैसे कार्यों का लोकार्पण किया गया है, इससे शहरी सुविधाएं अब ग्रामीण अंचलों तक पहुँच रही हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 70 करोड़ रूपए से अधिक के कार्यों का लोकार्पण करने के साथ ही जिले की प्रगति को नई दिशा और गति प्रदान करते हुए 8554.65 लाख रूपए (85.54 करोड़ रूपए) की लागत के कुल 40 विकास कार्यों का शिलान्यास और भूमिपूजन किया। इन कार्यों से जिले में अधोसंरचना, सिंचाई, शिक्षा, सामाजिक सुविधाओं और कनेक्टिविटी के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन की शुरूआत होगी, जो जिलेवासियों के लिए एक मजबूत और समृद्ध भविष्य का आधार बनेगा। मुख्यमंत्री ने आदिवासी उपयोजना के अंतर्गत सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए जल संसाधन विभाग के 13 प्रमुख कार्यों की नींव रखी। गेज मध्यम परियोजना के अंतर्गत मुख्य नहर और विभिन्न माइनर नहरों के जीर्णोद्धार तथा लाइनिंग कार्य के लिए 1689.43 लाख रूपए स्वीकृत किए गए हैं। धनुहरनाला पर अमरपुर एनीकट का 426.40 लाख रूपए तथा सोनहत एनीकट का 349.48 लाख रूपए की लागत से निर्माण किया जाएगा। इसी प्रकार कदना, बदरा, गज्जुपानी, दुधनिया और नटवाही जैसे जलाशयों के बांध तथा नहरों का नवीनीकरण भी किया जाएगा, जिन पर क्रमशः 357.42 लाख, 417.75 लाख, 308.00 लाख, 157.45 लाख और 107.35 लाख रूपए खर्च किए जाएंगे। इन सभी कार्यों से सिंचाई क्षमता में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी और किसानों की खुशहाली का मार्ग और भी सुदृढ़ होगा। जिले की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए मुख्यमंत्री ने सड़कों और पुलों के एक विस्तृत जाल के निर्माण की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना तथा पीएम जनमन योजना के अंतर्गत अमका बारी, गेजी से बैमा और गोविंदपुर बैगापारा सहित कई मार्गों पर सड़क एवं वृहद पुल निर्माण का काम शुरू होगा। लोहदंया नाला, पैरी नदी और सुखनिया नाला पर तीन नए पुलों का निर्माण लगभग 893.55 लाख रूपए की लागत से किया जाएगा। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत सराई गहना से रोबो मार्ग पर 339.27 लाख रूपए की लागत से एक वृहद पुल का निर्माण भी मंजूर किया गया है, जिससे ग्रामीण अंचल में आवागमन और सुगम हो सकेगा। शिक्षा और सामाजिक बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करते हुए मुख्यमंत्री ने पटना और कटकोना में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवनों के निर्माण की आधारशिला रखी, जिनकी लागत प्रत्येक 121.16 लाख रूपए है। बैकुंठपुर में आधुनिक सुविधाओं से युक्त 250 सीटर सेंट्रल लाइब्रेरी वाला नालंदा परिसर 429.22 लाख रूपए की लागत से तैयार होगा, जो शैक्षणिक व्यवस्था को एक नई ऊंचाई देगा। इसके साथ ही विभिन्न पंचायतों में 11 नवीन पंचायत भवनों का निर्माण 132.00 लाख रूपए तथा 17 आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण 198.73 लाख रूपए के व्यय से किया जाएगा। महिलाओं की सुरक्षा और सहायता के दृष्टिकोण से बैकुंठपुर में 60 लाख रूपए की लागत से सखी वन स्टॉप सेंटर भवन का निर्माण भी स्वीकृत किया गया है।

### अतिक्रमण के कारण...

और सख्त कार्रवाई के अभाव में अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हैं। लोगों ने मांग की है कि चिन्हित चौक-चौराहों पर स्थायी व्यवस्था बनाई जाए, फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त किया जाए, ठेला-व्यवसाय के लिए निर्धारित जोन तय हों, और अवैध निर्माणों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई हो। सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने भी प्रशासन से शहरव्यापी अभियान चलाने की अपील की है। उनका कहना है कि नियमों का समान रूप से पालन कराया जाए, ताकि ईमानदार दुकानदार और नागरिक प्रभावित न हों। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा सकती है। कुल मिलाकर मनेन्द्रगढ़ के प्रमुख चौक-चौराहों पर अतिक्रमण एक गंभीर नागरिक समस्या बन चुका है। अब आवश्यकता है कि जिला प्रशासन त्वरित, पारदर्शी और सतत कार्रवाई कर शहरवासियों को राहत दिलाए।

### पनिका समाज जिला...

विचार-विमर्श किया गया। अंत में कोरिया जिले में चल रहे समाजिक गतिविधियों पर विशेष विचार-विमर्श किया गया, साथ ही इस विषय पर सम्मेलन में उपस्थित सभी अतिथियों के द्वारा अपने-अपने उद्बोधन में विचार व्यक्त किया गया। जिसमें उपस्थित अतिथियों के द्वारा एवं कोरिया जिले के वरिष्ठजन के द्वारा सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि आज पनिका (साकत) समाज के कोरिया जिलाध्यक्ष का चयन किया जाए, जिससे समाज को आगे बढ़ाने में गति मिलेगा। तत्पश्चात सम्मेलन में उपस्थित समाज के सभी प्रबुधजन, वरिष्ठजन, मातृशक्ति युवा वर्ग, सभी के सहमति के अधार पर जिलाध्यक्ष के लिए सुकुल प्रसाद मरई, रामधन देवांगन, संरक्षक सरगुजा संभाग साकत पनिका समाज के द्वारा प्रस्तावित किया गया, जिसका सभी लोगों के द्वारा सर्मथन किया गया। वरिष्ठजन, मातृशक्ति, युवा वर्ग के द्वारा सामूहिक रूप से बैठक कर संभाग में साकत पनिका समाज संबोधन कार्यक्रम के पश्चात उपस्थित अतिथियों का गठन करने पर विचार-विमर्श किया गया, जिसमें सभी समाजिकजन के द्वारा सहमति व्यक्त करते हुए जल्द से जल्द सभाग स्तर का गठन करने का निर्णय लिया गया। उक्त सम्मेलन में मुख्य रूप सेरामधन देवांगन, संरक्षक साकत पनिका समाज सरगुजा संभाग सत्यनारायण गोयन संयोजक साकत पनिका समाज सरगुजा संभाग, ब्लाक अध्यक्ष पोड़ी बचरा जागेश्वर टाडिया, ब्लाक अध्यक्ष सोनहत शिवचरण, सुकुल प्रसाद मरई, हुकुमचंद भिमगा, रमेश पडवार, संतोष गोयन, अहिबरन विजय कुमार, सहाल साल, दिलबंधु भागीरथी, गोरेलाल सहित काफी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

### देह व्यापार के मामले में पति-पत्नी गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** सरगुजा में देह व्यापार का जाल बड़े पैमाने पर फैला हुआ है। इस अवैध कारोबार में शामिल लोग प्रदेश के बाहर से लडकियां मंगवाकर लोगों को उपलब्ध करा रहे थे। इस बात का खुलासा पुलिस की कार्रवाई से हुआ है। पुलिस ने इस कारोबार में शामिल दम्पति को गिरफ्तार किया है। वहीं अब तक इस मामले में 12 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। बता दें कि एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर शहर में देह व्यापार के अवैध कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो व सीएसपी राहुल बंसल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 10 नवंबर 2025 को मुखबिर से मिली सूचना के आधार आकाशवाणी चौक स्थित घर से एक महिला को देह व्यापार के मामले में रंगे हाथों पकड़ने के साथ ही युवक-युवतियों को बरामद किया था। इस मामले में पुलिस ने महिला को धारा 3, 4, 5, 7 अनैतिक देह व्यापार निवारण अधिनियम, 1956 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

**आम सूचना**

**समक्ष: श्रीमान नोटरी महोदय, चिरमिरी, तहसील-चिरमिरी, जिला-एम.सी.बी., छ.ग.**

शपथकर्ती:- अपूर्वा पति अहेद अहमद, उम्र करीब 24 वर्ष, पता-वार्ड क्र. 10 महुआ दफाई हल्दीबाड़ी, थाना व तहसील-चिरमिरी, जिला-एम.सी.बी. छ.ग.

**-: शपथ पत्र :-**

शपथकर्ती उपरोक्त पते की निवासी है एवं निम्नलिखित शपथ-पत्र सादर प्रस्तुत करती है:-

1. यह कि, मेरा पूर्व नाम आधार कार्ड/शैक्षणिक दस्तावेजों में हिन्दी में नाम अपूर्वा पाण्डेय पिता संतोष पाण्डेय व अंग्रेजी में APURVA PANDEY D/O SANTOSH PANDEY खुशी फँतिमा पति अहेद अहमद व अंग्रेजी में KHUSHI FATMA W/O AHED AHMAD थी, और यही नाम मेरे आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में दर्ज है।
2. यह कि, मैं अपना पूर्व नाम को त्यागकर नया नाम अपूर्वा पति अहेद अहमद APURVA W/O AHED AHMAD रखना चाहती हूँ। एवं भविष्य में मैं इसी नाम से जानी एवं पहचानी जाउंगी जो सत्य एवं सही है।
3. यह कि, दोनों नामों में एकरूपता लाने में शपथकर्ती छत्तीसगढ़ राजपत्र में नाम परिवर्तन करना चाहती हूँ। जिससे मैं अपने शासकीय/अशासकीय दस्तावेजों में सुधार/अपडेट करना चाहती हूँ।

ह. शपथकर्ती

**सत्यापन:-**

शपथकर्ती मेरे द्वारा कंडिका क्र. 01 से 03 तक के कथन मेरे जानकारी के अनुसार सत्य एवं सही है।

ह. शपथकर्ती

**न्यायालय तहसीलदार नागपुर जिला-एम.सी.बी. ( छ.ग. )**

**ईश्तहार**

सर्व साधारण ग्रामीण जनता ग्राम सलका रा.नि.म. नागपुर मनेन्द्रगढ़ जिला-एम.सी.बी. को सूचित किया जाता है कि स्वामी सुरेन्द्र नाथ तिवारी आ. रामचन्द्र तिवारी निवासी ग्राम सलका द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम सलका स्थित भूमि ख.न. 22, 78/1, 88/1, 91/2, 98/1, 104/23, 136/2 आवेदक को परिवारिक बटवारे से प्राप्त भूमि है। ऑन लाईन राजस्व अभिलेख में त्रुटिवश 104/23 रकबा 0.170 हे. दर्ज नही हो पाया हैं। त्रुटि सुधार कर 104/23 रकबा 0.170 हे. को आवेदक के नाम पर दर्ज किया जावे।

उक्त संबंध में कोई भी ग्रामीण जनता अपना आपत्ति-दावा प्रस्तुत करना चाहता है तो दिनांक 05/03/26 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति-दावा पर किसी भी प्रकार से कोई विचार नहीं किया जावेगा।

ईश्तहार आज दिनांक 18/02/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया है।

तहसीलदार
नागपुर, जिला-एम.सी.बी ( छ.ग. )

स्वामी जी 93406-38884
By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
हरिद्वार, ऋषिकेश, गंगोत्री
यमुनोत्री, बद्रीनाथ, केदारनाथ
यात्रा दिनांक: 18 अप्रैल 2026, 02 मई 2026, 18 मई 2026, 02 जून 2026, 14 दिन की यात्रा
राशि स्लीपर ₹24,500/- ऑफर ₹22,500/- 3AC ₹32,500/- ऑफर ₹29,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
9111111866, 8275757579
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोडों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त